Indian Council of Agricultural Research have been requested to intensify their research programme in respect of sugarcane.

Fertiliser shortage

2601. SHRI KALPNATH RAI: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether the fertiliser industry is able to meet the needs of the consumers in the country;

(b) what is the estimated shortge, if any;

(c) what steps are being taken to meet the shortage; and

(d) what steps are being taken to increase the production of fertilizers in the country?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND CO-OPERATION (SHRI (YOGENDRA MAKWANA): (a) No, Sir.

(b) and (c) The gap between the requirements and indigenous availability is adequately covered through imports.

(d) A major programme has been taken on hand for augmentation of fertilizer production capacity in the public, private and cooperative sectors. With the implementation of this programme, the installed capacity for production of fertilizers would increase from the present level of 5.9 million Tonnes of Nitrogen and 1.57 million Tonnes of P.O. to about 9.5 Milllion Tonnes of Nitrogen and 2.9 Million Tonnes of P|O s by end of Seventh Plan (1989-90).

दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा लारेंस रोड आवासीय क्षेत्र में पार्कों का विकास

2602. डा० गोविन्द दास रिछारिया : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जल के अभाव में दिल्ली विकास प्राधिकरण की लारेंस रोड आवासीय योजना के अन्तर्गत सारे पार्क नष्ट हो रहे है ;

(ख) क्या यहां के अधिकांश "ट्यूबवैल" वर्षों से खराब पड़े हैं तथा मध्य आय वर्ग की सी-2 कालोनी में पार्कों की पाइप लाइनें भी अवरुद्ध पड़ी हैं;

(ग) क्या पार्कों की दीवारें, ग्रिल व बच्चों के झूले भी टूटे-फूटे पड़े हैं; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और इन पार्कों की दशा को सुधारने के लिए तथा जल की पर्याप्त सप्लाई की व्यवस्था करने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) जी हाँ, वहां पानी की कमी है ।

(ख) तीन नलकूपों में से दो सही काम कर रहे हैं उन में से एक सूख गया है ।

(ग) इन मदों की मरम्मत की जरूरत है ।

(घ) पार्कों के लिए जलपूर्ति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त नलकूप लगाने का प्रस्ताव है । पार्कों में दीवारों, ग्रिलों, झूलों, की मरम्मत/अनुरक्षण के लिए कार्यवाही की जा रही है ।

2603. [*Transferred to to the 19th December*, 1985].

कम क्षमता वाले दूरदर्शन ट्रांसमीटरों का उच्च क्षमता वाले ट्रांसमीटरों में बदला जाना

2604. डा० गोविन्द दास रिछारिया : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दूरदर्शन के "लो पावर ट्रांसमीटर" रिले केन्द्रों में से कुछ को "हाई पावर ट्रांसमीटर" रिले केन्द्रों में बदलने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो चालू वित्तीय वर्ष और अगले वित्तीय वर्ष के दौरान कहां-कहां के रिले केन्द्रों को "हाई पावर ट्रांसमीटर" रिले केन्द्रों में बदलने का प्रस्ताव है;